तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

11 आशियाना वृद्धाश्रम के 13 बुजुर्गों ने उत्साहित...



12 स्वयंसेवकों ने दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं..



## खबर संक्षेप

### जिले की सीमा से दंतैल दूर, किसानों को राहत

**महासमुंद।** महासमुंद-बलौदाबाजार जिले की सीमा में विचरण कर रहा दंतैल सीमा से दूर चला गया है। इससे सीमावर्ती गांव के किसानों ने राहत की सांस ली है। क्योंकि वर्तमान में रबी फसल तैयार हो रही है। वहीं वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। बता दें कि 4 दिन पहले जिले के सिरपुर क्षेत्र में एक हाथी के विचरण के चलते आसपास के करीब 10 गांवों में अलर्ट जारी किया गया था।

# मतदान दल लौटे फिर भी नहीं चलीं पर्याप्त बसें, यात्री रहे परेशान

## गंतव्य तक पहुंचने यात्रियों को करना पड़ा लंबा इंतजार, बसों में रही भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिलेभर में लोकसभा निर्वाचन के लिए 235 रूटों के लिए रवाना की गई अधिग्रहित बसें शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक ईवीएम जमा होने पश्चात मुक्त तो कर दी गईं। लेकिन, बसों से चालक-परिचालकों की थकान के चलते जिला मुख्यालय से सभी ओर जाने वाली बसों की संख्या नगण्य रही। इसी कारण मतदान के दूसरे दिन भी यात्री बसों की सेवाएं पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई। जिसके कारण यात्रियों को शनिवार को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने लंबा इंतजार करना पड़ा। वहीं, जो बसें मिली भी तो भारी भीड़ रहीं, जिसके चलते यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा। जिले में मतदान पूरा कराने जिन 235 रूटों से कर्मचारी अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुंचे। उसी रूट से वापस जिला मुख्यालय पहुंचकर मशीनों को जमा कराया गया। इसके बाद अधिग्रहित किए गए वाहनों को तत्काल आवागमन सुचारू होने के लिए रवाना कर दिया गया। अधिग्रहित किए गए 500 वाहनों में शामिल जिले के 275 यात्री बसों में से कुछ बसें ही कुछ रूटों पर आवागमन करती नजर आई। दरअसल, मतदान दलों के साथ केंद्रों तक पहुंचे चालक परिचालक भी थके हारे शनिवार सुबह अपने घर पहुंचे। ट्रैवल्स संचालकों के पास वैकल्पिक चालकों की व्यवस्था रही वे बसें तो अपने रूटों पर दौड़ गई। लेकिन, वैकल्पिक वाहन चालक और परिचालक नहीं होने की दशा में अधिकांश वाहनें अपने रूट के लिए रवाना नहीं हुई। इसके कारण यात्रियों को शनिवार को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### अधिग्रहित किए गए थे वाहन

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य के लिए करीब 350 यात्री बसों का अधिग्रहण किया गया है। इसमें जिले के विभिन्न मार्गों में चलने वाली 275 यात्री बसें शामिल हैं। वहीं, 100 से ज्यादा बसें अन्य जिलों से मंगाए गए हैं। इसके अलावा करीब 150-170 छोटे वाहनों को भी अधिग्रहण किया गया। लेकिन, ईवीएम मशीन जमा करने में देर रात लगने के कारण दूसरे दिन भी बस सेवाएं प्रभावित रहीं।



### निजी वाहनों का सहारा

शादी सीजन में लोगों को अपने गंतव्य तक जाने आने में निजी वाहन ही एक मात्र सहारा रहा। बसों के इंतजार में बैठे लोगों को बस न मिलने पर मजबूरी बस ऑटो का सहारा लेकर मोटी रकम देकर 20 से 50 किलोमीटर दूरी तक जाना पड़ा। वहीं, जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव ने बताया कि अधिग्रहित वाहनों को शुक्रवार देर रात वापसी के बाद तत्काल छोड़ा गया। ताकि, आगामी दिन यानी शनिवार से यात्रियों को परेशानी न हो।

## लोकसभा चुनाव : 4 जून को खुलेगा पिटारा, मतदान को अपने पक्ष में होने का दावा

# देर रात तक पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, ईवीएम स्ट्रांग रूम में हुए सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

### 17 प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में हुआ सीलबंद, अब 37 दिन का इंतजार

जिले में मतदान को संपन्न कराने के बाद देर रात पोलिंग पार्टियां लौटी। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी पिटियाझर में ईवीएम को सुरक्षित रखा गया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहे। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दल देर रात तक पहुंचते रहें। सुबह राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में 17 प्रत्याशियों के भाग्य को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। अब 37 के लंबे इंतजार के बाद 4 जून मतगणना दिवस के दिन सुबह विधिवत खोला जाएगा। इधर, विधानसभा की अपेक्षा कम मतदान होने को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है।

संसदीय क्षेत्र महासमुंद के अंतर्गत आने वाले जिले के चार विधानसभा क्षेत्र सरायपाली, बसना, खल्लारी और महासमुंद विधानसभा चुनाव में बनाए गए 1080 केंद्रों में शुक्रवार की शाम तक वोटिंग चली। इसके बाद विभिन्न रूट चार्ट के लगाए गए बसों के माध्यम से देर रात तक पोलिंग पार्टियां देर रात तक जिला मुख्यालय पहुंचती रही। चारों विधानसभा क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों की देखरेख में मतदान केंद्रों में पैरामिलिट्री फोर्स की भी तैनाती की गई थी।

स्थानीय पुलिस के जवानों की भी अधिक से अधिक ड्यूटी लगाए जाने के कारण मतदान शांतिपूर्ण रहा। सांसद चुनने के लिए संसदीय क्षेत्र के 75.02 फीसदी वोटर्स ने मतदान किया, जो पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 0.42 प्रतिशत ज्यादा है। 2019 में 74.62 फीसदी मतदान हुआ था।

वहीं, हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में 81.52 प्रतिशत मतदान हुआ था। बहरहाल 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 1080 ईवीएम में लॉक हो चुका है, जिसके लॉक को 4 जून को खोला जाएगा।




### 13 लाख 22 हजार 125 ने किया मतदान

लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 8 विधानसभाओं में मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 62 हजार 477 है। जिसमें 08 लाख 66 हजार 670 पुरुष मतदाता, 08 लाख 95 हजार 773 महिला मतदाता और 34 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 6 लाख 57 हजार 192 पुरूष, 6 लाख 65 हजार 178 महिला एवं 12 थर्ड जेंडर सहित 13 लाख 22 हजार 125 ने मतदान किया। पुरूषों का प्रतिशत 75.82 एवं महिलाओं का योगदान 74.24 फीसदी रहा। जबकि, 35.29 प्रतिशत अन्य रहें।

### विधानसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा में इस वजह से हुआ कम मतदान

- शादी- शुभ मुहूर्त होने की वजह से 25 व 26 अप्रैल को जिले सहित अन्य जिलों में शादियां हुई। शादी में शामिल होने लोग एक-दो दिन पहले ही अपने रिश्तेदार के घर पहुंच गए थे। ऐसे में मतदान करने के लिए अपने गांव नहीं पहुंच पाए।
- गर्मी- शादी के अलावा गर्मी व उमस की वजह से भी कई वोटर्स मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे। हालांकि प्रशासन, राजनीतिक पार्टियों की ओर से केंद्र तक पहुंचाने गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी।
- राष्ट्रीय चुनाव- कई वोटर्स ऐसे होते हैं, जो स्थानीय स्तर यानी विधानसभा से लेकर नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। लेकिन, राष्ट्रीय चुनाव में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। तर्क देते हैं कि चुनाव क्षेत्र बढ़ा होने के कारण उनका एक वोट से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।



### मतदान दलों की सकुशल वापसी पर गुलदस्ता देकर किया स्वागत

**महासमुंद।** मतदान दलों की सकुशल वापसी पर जिला प्रशासन द्वारा दलों का गुलाब भेंटकर स्वागत किया गया। शुक्रवार देर शाम ग्राम नायक बांधा, उमरदा और सिंघी का मतदान दल सबसे पहले तथा साथ ही संगवारी दल मोंगरा की टीम के पहुंचने पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, महासमुंद के एआरओ उमेश साहू, खल्लारी के सहायक एआरओ सृष्टि चंद्राकर एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने भी गुलदस्ता और गुलाब फूल देकर स्वागत किया। तत्पश्चात अन्य मतदान दलों की वापसी का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चला।



## आवास के नाम पर लाखों के जेवर पार



**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर से ठगी गिरोह सक्रिय हो गया है। शनिवार को एक ही दिन में पीएम आवास के नाम पर दो महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। जिसके बाद पटेवा पुलिस ने संपर्क नंबर जारी किया है। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा किसी प्रकार प्रलोभन दिए जाने पर फोन नंबर पर कॉल करने की अपील की है।

पहला मामला पटेवा थानांतर्गत ग्राम जोगीडीपा का है। जहां पर लीला बाई कुर्रे पति नवधरम कुर्रे 55 साल के पास दो अज्ञात बाइक सवार पहुंचे और बताया कि उसके नाम पर आवास की स्वीकृति मिली है, जिसके लिए फोटो खींचकर भेजना है। फोटो खींचने से पहले एक व्यक्ति ने महिला द्वारा पहने सोने-चांदी के जेवर को उतार लेने को कहा और दूसरे व्यक्ति ने बातों में उलझाकर जेवर को लेकर फरार हो गए। चुराए गए जेवर की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। वहीं, इसके बाद ग्राम छिंदौली में भी इसी तरह के वारदात को अंजाम देने की सूचना मिल रही है। इधर, पटेवा एवं आसपास के गांवो में ठगी के वारदात होने के बाद पुलिस भी सतर्क हो गई है।

# स्ट्रांग रूम सील, पूरी प्रक्रिया की हुई वीडियोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

### सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत महासमुंद जिले में हुए लोकसभा मतदान की ईव्हीएम मशीनों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी प्रभात मलिक की उपस्थिति में चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील किया गया। स्ट्रांग सील के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी रवि साहू, उमेश साहू, सृष्टि चंद्राकर, ओंकारेश्वर सिंह, उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी कराई गई है। इन चारों स्ट्रांग रूम को आगामी 4 जून मतगणना दिवस के दिन सुबह विधिवत खोला जाएगा। स्ट्रांग रूम सील के बाद कलेक्टर मलिक ने अधिकारियों सहित स्ट्रांग रूम एवं कृषि उपज मंडी परिसर की सुरक्षा के लिए लगाई गई सीसी कैमरे की मॉनिटरिंग कक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## जान्हवी पहले प्रयास में ही हुई जेईई में चयनित

**महासमुंद।** जेईई मेंस 2024 के बहुप्रतीक्षित परिणाम घोषित हुए जिसमें शहर के रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल की छात्रा जाह्नवी दीवान ने अपने पहले प्रयास में ही जेईई क्वालीफाई कर लिया। जान्हवी की इस सफलता पर रिवरडेल प्रबंधन से सिंपल गोयल, गोविंद मुदलियार, प्राचार्य पूजा शर्मा, उपप्राचार्या डॉ मोहुआ सिंह सहित शिक्षकों ने हर्ष जताया है। छात्रा की इस सफलता के लिए स्कूल प्राचार्या पूजा शर्मा ने उसकी कड़ी मेहनत की सराहना की। प्राचार्या शर्मा ने बताया कि रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल ने जेईई/नीट की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान हेक्सामाइंड के सहयोग से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर प्रदान करके एक कदम आगे बढ़ाया है। जेईई/नीट पर अंतर्दृष्टि कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों के साथ साझा की गई है। के-12 में जेईई, नीट, क्लैट और अधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के परिणामों के साथ स्कूलों को सफलतापूर्वक बनाने और विकसित करने के साथ। हेक्सामाइंड उद्योग विशेषज्ञ से लगातार प्रशिक्षण और बेहतर करियर भविष्य के लिए एक से एक छात्र कैरियर परामर्श कार्यक्रम के साथ प्रसिद्ध कॉलेज से सर्वश्रेष्ठ योग्य आईआईटियन और अन्य शिक्षकों से सुसज्जित हैं। हेक्सामाइंड छात्रों की सफलता के हर चरण में एक महान भागीदार है। वे शिक्षाविदों और संचालन के कार्यान्वयन में मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। वहां अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत मूल्यवान, ज्ञानवर्धक और ऊर्जावान हैं। हेक्सामाइंड प्रयास और अभ्यास के द्वारा बच्चों को सीबीएसई और इंटीग्रेटेड की तैयारी करवाता है या हर माहीन 2 परीक्षा द्वार बच्चों को विश्लेषणकर्ता या प्रोत्साहितकर्ता के साथ ही हाई मेस्ट्रो और एलीट क्लासेज द्वारा बच्चों को इंटीग्रेटेड (जेईई/नीट) के एक्सपर्ट फैकल्टी के लिए गेस्ट लेक्चर भी करवाएं।



# 8 डिग्री तक बढ़ गया था पारा, फिर से बादल छाने से मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मौसम विभाग ने समीपस्थ कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। हालांकि, महासमुंद जिले में बारिश की संभावना नहीं के बराबर है। लेकिन, आसपास जिलों में मौसम में बदलाव होने से गर्मी से राहत जरूर मिलेगी। बता दें कि, प्रदेश की जनता इस समय गर्मी का प्रकोप झेल रही है। बारिश होने के कारण तापमान में भी गिरावट आएगी।

बादल छंटा तो एक बार फिर गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया था। एक ही दिन में तापमान में करीब 8 डिग्री बढ़ोत्तरी हो चुकी थी। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है। वहीं न्यूनतम 28 डिग्री के करीब रहा। लेकिन, प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम एक बार फिर से करवट ले सकता है। जिसका असर शनिवार को सुबह से देखने को मिल रहा है।



जिले में सुबह से ही बादल का लुकाछुपी जारी रहा। बीते दिनों भी प्रदेश के कई जिलों में जमकर बारिश हुई थी। अचानक बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से लोगों को फिर भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ा। सुबह से बादल छाए होने के कारण आज फिर बारिश होने की संभावना जताई जा रही है मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी तूफ़ान के साथ भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

### इस सप्ताह पारा पहुंच सकता है 44 पर

दो-तीन दिन से सूर्यदेव की चमक के बीच आसमान पर बादल भी छा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी इसी सप्ताह तापमान में लगातार वृद्धि की बात कही जा रही है। बताया जा रहा कि इस सप्ताह ही पारा 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। बादलों के कमजोर होने की बात कही जा रही है, जिसके बाद गर्मी जमकर पड़ेगी। पारा के तेजी दिखाते ही क्षेत्र एकबार फिर से लू की चपेट में होगा।

### किडनी को भी खतरा, कई मरीजों को परेशानी

जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अजमानी ने बताया कि इन दिनों बार-बार मौसम परिवर्तन के कारण लोगों को को हो रही डायरिया से किडनी पर भी खतरनाक असर पड़ रहा है। लूज मोशन के कारण पानी की कमी से किडनी टेम्परेरी रूप से डैमेज हो जाती है। समय पर इसका इलाज नहीं हुआ तो यह परमानेंट भी डैमेज हो सकती है। इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute

आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो, मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"

ADMISSION OPEN

FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE

DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open

GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100

BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999

BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100

RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल में निशुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल रविवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर लगाने जा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉ. नुपूर मिश्रा से परामर्श लेकर अपना इलाज सही समय पर शुरू करा सकते हैं।

### मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने राकेश सिंह

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह को बनाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और रायपुर मंडलों में अनेक पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व में राकेश सिंह रायपुर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक, एरिया मैनेजर- भिलाई एवं स्टेशन डायरेक्टर रायपुर के पदों पर कार्यरत थे। बिलासपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। स्टेशन में लगभग 3 सालों से डीसीएम पद खाली था।

### पीएससी की सीबीआई जांच से मिलेगा न्याय

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है। इस जांच से युवाओं को न्याय मिलेगा। श्री चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार के समय छत्तीसगढ़ में जो नौकरियां पीएससी में निकलती थी, उसके लिए कांग्रेसियों ने मंडी सजाई थी। भारतीय जनता पार्टी ने पीएससी भर्ती परीक्षा में धोखा खाने वाले युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सदन से लेकर सड़कों तक लड़ाई लड़ी थी। अब इस मामले सीबीआई जांच से दूध का दूध पानी का पानी होगा।

### आचार संहिता में मेला, निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा दशहरा-खेल मैदान में 24 अप्रैल से मेले का आयोजन किया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान इस मेले को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत की गई है। तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। सूत्रों के अनुसार यह शिकायत भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने की है। इस शिकायत में आपत्ति के पीछे तर्क दिया गया है कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है और तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। चुनाव के दौरान आसपास के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों की सभाएं इस मैदान में आयोजित की जाती रही हैं। यहां बसस्टैंड होने के कारण पहले ही मैदान के आसपास भीड़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में मैदान में मेले का आयोजन से रावणभाठा के आसपास मार्ग पर जाम लगना तय है। मोर्चा ने मेला आयोजन की अनुमति निरस्त कर व्यवस्था दूरस्त करने की मांग की है। विदित हो कि इससे पूर्व गास मेमोरियल मैदान पर भी इसी तरह की शिकायत आई थी, जिसके बाद उक्त मैदान में आयोजन पर दी गई अनुमति निरस्त कर दी गई है।

### अधिकतम तापमान में गिरावट के आसार

**धमतरी।** मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। आगामी दो दिनों में तापमान 1 से 3 डिग्री तक गिर सकता है। इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री वृद्धि होगी। शनिवार को सुबह आसमान पर बादल छाये रहे। दोपहर आते तक तेज धूप पड़ने लगी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर रहा। रविवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर अंधड़ के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ तथा इसके आसपास के क्षेत्र में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। यह समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। वहीं एक द्रोणिका मराठवाड़ा से मध्य महाराष्ट्र तथा आंतरिक कर्नाटक होते हुए उत्तरी तमिलनाडु तक 1.5 किमी की ऊंचाई पर फैली हुई है।

# मरीजों के भटकते परिजनों को मिल रहा 'दाई कोरा' का सहारा

**कुल 16 बेड की क्षमता, रात बिताने सस्ते में मिल रहा सुरक्षित ठिकाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरवर्ती जिलों से इलाज के लिए डीके और आंबेडकर अस्पताल आने वाले लोगों को रात बिताने दाई कोरा का सुरक्षित सहारा मिल रहा है। कुल 16 बेड की क्षमता वाले इस अस्थायी ठिकाने में रहकर सैकड़ों लोग इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। दाईकोरा का संचालन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। दाई कोरा में शुरुआती दौर में कुल दस बेड रखे थे, मगर बेहतर रिस्पांस मिलने पर यहां बिस्तरों की क्षमता बढ़ाकर 16 कर दी गई है। यहां डीके के साथ आंबेडकर अस्पताल से आने वाले मरीज के परिजन सुकून और सुरक्षित तरीके से साथ रात बिता पा रहे हैं। नाममात्र शुल्क में लोगों को कुछ दस्तावेज उपलब्ध कराने पर यह सुविधा आसानी से मिल रही है। दाई कोरा में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं और उन्हें सुविधा के लिए बिस्तर के साथ आवश्यक सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा चौबीस घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। दूर-दराज से इलाज के लिए दो बड़े सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें विभिन्न तरह की शारीरिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए एक- दो दिन यहां रुकना पड़ता है। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने और अस्पतालों में रात बिताने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने की वजह से उन्हें काफी दिक्कतें होती हैं, ऐसे लोगों के लिए दाई कोरा सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

#### अस्पताल भवन के ऊपर ठिकाना

डीके अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के दो अटेंडरों के लिए भवन के ऊपरी हिस्से में रहने की व्यवस्था की गई है। अटेंडरों की संख्या जब ज्यादा हो जाती है, तो सुरक्षागत कारणों से उन्हें रोक दिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में अटेंडरों के लिए सुविधा नहीं है, उन्हें अस्पताल में वार्ड के बाहर बरामदे में अपना वक्त गुजारना पड़ता है।






#### दान में मिली राशि से

राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई थी। काफी विचार मंथन के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पिछले हिस्से में एक भवन का निर्माण कराकर वहां अस्थायी रूप से ठहरने वालों को मूलभूत सुविधा प्रदान की गई। निर्माण के बाद करीब तीन साल पहले दाई कोरा नाम देकर इसका लोकार्पण कराया गया था।

## पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं, अब और नया प्रयोग किसलिए

# सदरबाजार, मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव के विरोध में व्यापारी उतर आए हैं। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है। पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाए थे, लेकिन अपनी ही बनाई व्यवस्था को बनाए रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है, किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था, यह भी नहीं हो पाया है। व्यापारियों का कहना है, वास्तविकता ये है कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा, मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता, व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी, तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी, ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है, जहां वाहन पार्क किए जाते हैं। श्री मालू ने बताया, पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो कि व्यावसायिक क्षेत्र है, इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा, किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के साथ रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उस प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।



#### मालवीय रोड व्यापारी संघ का भी विरोध

*मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरल मोदी और महामंत्री राजेश वासवानी ने भी प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, मालवीय रोड सड़क की चौड़ाई सामान्य तौर से भी ज्यादा है। यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था, ऑटो, फुटपाथ पर लगने वाली दुकानें आम, आइसक्रीम के ठेले और जो दुकानदार अपनी सीमा रेखा से बाहर सामान लगाते हैं, उनके कारण समस्या होती है। मालवीय रोड व्यापारी संघ नगर निगम और पुलिस प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुका है, इन दुकानदारों पर कार्रवाई करें जो अपना सामान फैलाकर रखते हैं। पिछले चार से पांच सालों में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। मालवीय रोड में डिवाइडर बनने के बाद आने और जाने वालों के रास्ते अलग-अलग हैं और कार बैन से कोई फायदा नहीं होने वाला है, उल्टा यहां के व्यापारियों का रोजगार खत्म हो जाएगा।*

# स्वास्थ्य सहायता योजना, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर होगा प्रतिदिन भुगतान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार की लंबित राशि का भुगतान अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर किया जाएगा। लगातार उठ रहे नाराजगी के स्वर के बीच भुगतान प्रकरणों पर निजी अस्पताल के प्रतिनिधियों से स्टेट नोडल एजेंसी के अफसरों ने चर्चा की। स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों द्वारा किए गए निशुल्क उपचार की लंबित राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच शुक्रवार को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ ऋतुराज रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने निजी अस्पताल से जुड़े प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि योजना की प्रक्रिया आसान हो सके इसका ध्यान रखा जा रहा है। मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग रिजेक्शन एवं अन्य तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अफसरों ने बताया कि लंबित राशि का भुगतान शीघ्र किए जाने की तैयारी है। इस दौरान क्लेम से संबंधित मामलों का निराकरण जिला और राज्य स्तर की शिकायत निवारण समिति द्वारा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### 50 हजार से 5 लाख तक इलाज

*गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में ईलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। राशन कार्ड की श्रेणी के आधार पर हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के जरिए हर 50 हजार से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।*

#### 2153 करोड़ का क्लेम

*वर्ष 2023-24 में 2 हजार एक सौ 53 करोड़ रुपए के 15.65 लाख क्लेम के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा उपचार लाभ प्राप्त किया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को यूनिक पंजीयन क्रमांक युक्त एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जा रहा है। राज्य के 2.17 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। इसमें शासकीय और निजी मिलाकर कुल 1 हजार 5 सौ 79 अस्पताल पंजीकृत हैं।*

# कुम्हारी-सरोना में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग, ज्यादा ट्रेनें चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे ने सिग्नल और दूरसंचार के लिए ऑटो सिग्नलिंग से अधिक ट्रेन चलाने के साथ-साथ प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है। पहले जहॉ दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी।

अब ऑटो सिग्नलिंग के द्वारा दो स्टेशन की बीच दूरी के अनुसार 4 ,5 ,6 ट्रेने भी आ सकती है। ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने की सुविधा देती है। वर्तमान में बिना नई लाईन का निर्माण करे सेक्शन की क्षमता बढाने का यह बेहतर उपाए है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अप्रैल महीने मे ऑटो सिग्नलिंग मे उच्च मापदंड के हर नवीन सोपान को पूरा कर रहा है। जिसमें 14 किलोमीटर आटो सिग्नलिंग काम को पूरा किया है। कुम्हारी से सरोना (7 केमी), बिलासपुर-गतोरा चतुर्थ लाइन (7 केमी) को ऑटो सिग्नल मे बदला गया है। इस कार्य के सम्पन्न होने से नागपुर से सरोना तक ऑटो सिग्नलिंग पुर्ण हो गया है। सरोना से रायपुर भी अगले तीन माह मे पूर्ण कर लिया जाएगा। आने वाले समय में ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में अधिक मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही के कारण देर से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों पर काफी हद तक विराम लगा सकता है।इस व्यवस्था से एक ब्लॉक सेक्शन में एक से ज्यादा ट्रेनों की आवाजाही तैयार की जा रही है।




■ प्रमुख जक्शन के ट्रैफिक को नियंत्रित भी करेगा

# शोभायात्रा में विवाद, अखाड़े में बुलाकर एक गुट के लड़कों के साथ चाकू-डंडे से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में शोभायात्रा के विवाद पर एक गुट ने दूसरे गुट के लड़कों को चुनौती देकर बैजनाथपारा अखाड़ा में बुलाकर जमकर मारपीट की। मारपीट में दो से तीन लड़कों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नागेश्वर यादव की शिकायत पर साहिल, अशरफ, इमरान तथा गोलू को गिरफ्तार किया गया है। नागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि राम मंदिर के पास उनकी चाय-नाश्ते की दुकान है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ लड़कों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद 25 अप्रैल को साहिल ने नागेश्वर के एक दोस्त को कॉल किया। साहिल ने नागेश्वर के दोस्त को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम लोग बड़े तेज बनते हो, दम है तो बैजनाथपारा अखाड़ा में आकर दिखाओ। इसके बाद नागेश्वर अपने दोस्त संकेत टांडी, मनोहर सिंह तथा अजीत फूंडे के साथ अखाड़ा पहुंचा।



■ घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

#### अखाड़े में चाकू के साथ जमकर डंडे चले

*नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि अखाड़ा में बुलाने के बाद साहिल ने अपने अन्य साथियों के साथ उन लोगों के साथ विवाद किया। इसी दौरान साहिल तथा उसके दोस्तों ने उन लोगों को डंडे से पीटने के साथ चाकू से हमला किया। मारपीट की घटना में नागेश्वर तथा उसके साथियों को गंभीर चोटें आई हैं।*

### ब्लास्ट से घायल श्रमिकों का हालचाल जानने पहुंचे राजस्व मंत्री वर्मा

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों राकेश कुमार वर्मा, घमंड ठाकुर शंकर गावडा, सतीश पोटपोड़े, शाहिद शेख और नरेश स्वैन से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए कहा।

### आरबीआई ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक को लगाया एक लाख का जुर्माना

रायपुर।भारतीय रिजर्व बैंक ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बिलासपुर पर नियमों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई के मुताबिक बैंक का वैधानिक निरीक्षण आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2022 को उसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था। आरबीआई के निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को सलाह देते हुए एक नोटिस जारी किया गया था। यह कारण बताने के लिए कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने अन्य बातों के साथ-साथ पाया कि विवेकपूर्ण अंतर-बैंक (सकल) एक्सपोजर सीमा का पालन न करने का आरोप कायम था, जिससे मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया था।

**सात दिनों बाद ही मिल पाएगी मुक्ति, चंद्रा-मौर्या चौक पर चालकों को हो रही परेशानी**

# फ्लाईओवर का बदल रहे बेयरिंग, रोज लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चंद्रा-मौर्या फ्लाई ओवरब्रिज में 21-26 नंबर के पिल्लर में बेयरिंग बदलने और संधारण का काम चलने से रायपुर से दुर्ग दिशा वाली सड़क बंद किया गया है।

आवश्यक संधारण कार्य होने से इसे बंद कर दिया गया है। जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्ग की ओर जाने वाली सभी तरह की वाहन नीचे सर्विस रोड से होकर निकल रही है। इससे ट्रैफिक पर दबाव बढ़ने से दोपहर व शाम ढलने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। सुपेला से चन्द्रा-मौर्या चौक को जोड़ते हुए बने फ्लाईओवर में संधारण काम भी शुरु हो चुका है जो सात दिन तक चलेगा। फ्लाईओवर बन जाने के बाद भारी वाहन यहां से गुजर रहे थे। वहीं स्थानीय हल्के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क का इस्तेमाल होने से ट्रैफिक व्यवस्था में कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन फ्लाईओवर के एक तरफ का रास्ता संधारण काम व बेयरिंग बदलने के कारण बंद किया गया है। जिससे वाहन चालको को दिक्कत हो रही है। पावर हाउस, खुर्सीपार और भिलाई तीन के स्थानीय हल्के वाहन चालकों को सुपेला, दुर्ग पहुंचने में घंटे लग रहें है। एक तरफ से बंद फ्लाईओवर के चलते सभी तरह के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क से गुजरना पड़ रहा है।



#### गलत दिशा का इस्तेमाल

रायपुर से दुर्ग की दिशा में शाम से लेकर देर रात तक लगने वाले जाम से बचने अनेक कार व बाइक चालक गलत दिशा से होकर गुजर रहें है। दुर्ग से रायपुर की दिशा वाली सड़क पर पावर हाउस से होकर सुपेला की ओर से निकल रहें है। इसी तरह आटो चालक भी अपनी मर्जी के मालिक बन गए है। इसके चलते वाहनों के बीच आमने सामने भिडंत की आशंका बढ़ गई है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस लोगों को गलत दिशा से आवाजाही न करने के प्रति सड़क पर तैनात होकर जागरुक कर रही है। लेकिन जाम में घंटों फंसे रहने से बचने स्थानीय वाहन चालक पावर हाउस से सुपेला की ओर गलत दिशा की सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

#### ट्रैफिक पुलिस ने किया निरीक्षण



फ्लाई ओवर ब्रिज में चल रहे काम का निरीक्षण करने ट्रैफिक पुलिस की टीम पहुची थी। इसके बाद टीम काम पूरा होने में सप्ताह भर का समय लगने की बात कही है। तब तक रायपुर से दुर्ग की दिशा में फ्लाईओवर बंद रहेगा। इससे नीचे वाली सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने का प्रयास ट्रैफिक पुलिस कर रही है। हादसों को रोकने के लिए सुपेला चौक, चन्द्रा-मौर्या चौक, साक्षरता चौक के पास पर्याप्त बल लगाया गया है।

#### जारी है संधारण का काम

सात दिनों तक फ्लाई ओवरब्रिज का काम चलेगा। उसके बाद पहले की तरह ब्रिज से वाहनों की आवाजाही शुरु हो जाएगी। ब्रिज बंद होने के कारण वाहन चालक अपने दिशा पर ही चले। संधारण का काम चल रहा है। **-सतीश ठाकुर,** डीएसपी ट्रैफिक

### साहू समाज मनाएगा भामाशाह जयंती 29 को

**कुरूद।** तहसील साहू समाज द्वारा 29 अप्रैल को भामाशाह जयंती का आयोजन पुराना कृषि उपज मंडी कुरूद में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 9 बजे चंडी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकालकर किया जायेगा। शोभायात्रा थाना चौक, पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक, कारगिल चौक होते हुए पुराना मंडी प्रांगण पहुंचेगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, नगर पंचायत कुरूद अध्यक्ष तपन चंद्राकर, जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मालकराम साहू, चितरंजन साहू, जिला पंचायत धमतरी सदस्य सुमन साहू, प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, नगर पंचायत कुरूद उपाध्यक्ष मंजू प्रमोद साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रघुनंदन साहू होंगे।

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब ने स्कूल को थाली भेंट की

**धमतरी।** 18 अप्रैल बुधवार को रोटरी क्लब धमतरी तथा इनर व्हील क्लब धमतरी के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कुकरेल में भोजन की थाली का वितरण किया गया। वितरण रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट अजय गोयल तथा इनरव्हील क्लब की प्रेसिडेंट श्रीमती पायल गोयल और सदस्य अमित जायसवाल, आशीष गोयल, माला महावर के हाथों किया गया।

### दरबा में मनी बाबा साहेब अंबेडकर जयंती

**जीजामगांव।** दरबा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई गई। भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे जिन्होंने शोषित और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर कन्हैया रात्रे, रामकिशन बंजारे, पुरषोत्तम साहू जनपद सदस्य, पिलेश भारती, मनोज चेलक, हरीश कोसले, तुषार लहरे, डिकेश भारती, भीमन टंडन, प्रवीण कोसले, प्रताप लहरे, मोहित आडिल, आनंद बंजारे, रोशन भारती, रोहित कोसले, प्रकाश कोसले, कीर्तन भारती, विजय कोसले, मयंक बंजारे, सुरुज भारती, शाम बाई, संतोषी बंजारे, प्राब्ति कोशले, जमना रात्रे, गौरी कोसरे, कलाबाई, भारती, संगीता लहरे, बिशाखा भारती, कीर्ति भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### एलकेजी के पोर्टल बन्द होने से पालकों में रोष

**मगरलोड।** 10 अप्रैल से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुका हैं। मगरलोड भैसमुंडी में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में एलकेजी का पोर्टल बन्द है, इससे पालक इन कक्षा के लिए आवेदन नही कर पा रहे हैं। 2022 में यहां आत्मानंद स्कूल संचालित है जहां एलकेजी क्लास में प्रवेश दी जाती थी इस वर्ष एलकेजी की पोर्टल बन्द होने से पालकों में असमंज है कि कहीं एलकेजी क्लास बन्द न हो जाये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूलों में एलकेजी क्लास बन्द कर दी है ।वही इसका कारण फंड की कमी बताई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 50 प्रतिशत रिक्त सीट में से प्रवेश और गरीबी रेखा के छात्र छात्राओं के लिए दर्ज संख्या के आधार पर 25 प्रतिशत लेना होता है। एलकेजी क्लास की पोर्टल बन्द होने से आवेदन करने वाले पालकों में रोष व्याप्त हैं। सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। इस बार पालकों को एक ही स्कूल में आवेदन करना होगा । ब्लॉक में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में एलकेजी पोर्टल बन्द होने से पालक आवेदन करने में वंचित हो रहे हैं। जल्द से जल्द एलकेजी की क्लास संचालित करना चाहिए। प्राचार्य ने बताया कि एलकेजी की पोर्टल नही खुल रहा है।जिले में एलकेजी क्लास फंड के अभाव में बन्द कर दी है। बैठक में जानकारी दी गई है। आदेश भी है।




बारिश में घुटनों तक कीचड़ और गर्मी में धूल से रहते हैं परेशान

# थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों ने प्रशासन से मांगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्यामतराई थोक सब्जी मंडी की वर्षों पुरानी बुनियादी समस्याओं का हल नहीं हो सका है। यहां व्यापार करने वाले व्यापारी और ग्राहक जैसे-तैसे समय निकाल रहे हैं। हर मामले पर उन्हें समझौता करना पड़ता है। इतवारी बाजार से स्थानांतरित हुए उन्हें 10 साल हो गए हैं फिर भी उन्हें सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं।

व्यापारी अशोक पटेल, रामू वाधवानी, रमेश चुंगानी, प्रीतम सोनकर, राजेश गंगवानी, कांशीराम सोनकर, विकासराव कृदत्त ने बताया कि 10 वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर भीमसिंह के अनुरोध पर सभी थोक सब्जी व्यापारी इतवारी बाजार से श्यामतराई कृषि उपज मंडी में शिफ्ट हुए थे। उस समय सभी तरह की सुविधाएं देने का आश्वासन मिला था लेकिन अभी तक नहीं मिली। वर्तमान में यहां 30 दुकानें संचालित हैं। 2014 में जब शिफ्ट हुए थे तब यहां तीन फीट गड्ढा था जिसे व्यापारियों द्वारा पाटा गया। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं होने के कारण चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। यहां लावारिश मवेशी विचरण करते हैं जो सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। परिसर का कांक्रीटीकरण नहीं हुआ है जिसकी वजह से बारिश के दिनों में घुटनों तक कीचड़ रहता है। गर्मी के दिनों में धूल से वे परेशान रहते हैं। दुकानों का एग्रीमेंट अभी तक नहीं हुआ है जबकि शुल्क वे नियमित रूप से पटाते आ रहे हैं। व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहकों को भी परेशानी होती है। परिसर में रोजाना 1000 वाहनों का आना-जाना रहता है। पार्किंग के अभाव में वाहन अस्त-व्यस्त खड़े रहते हैं। वाहनों की चोरी होने की शिकायतें बढ़ी हैं।

# नेशनल कुश्ती में छग के पहलवानों का दबदबा

कोच लक्ष्मण लाल साहू के मार्गदर्शन में खेल रहे खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वाराणसी में चल रहे सीनियर नेशनल कुश्ती फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के पहलवानों ने पूरे भारत में अपना दबदबा बनाया और पदकों की झड़ी लगा दी। टीम के कोच लक्ष्मणलाल साहू पहलवान धमतरी जिला कुश्ती अध्यक्ष और खेलो इंडिया स्माल सेंटर के कोच विकास सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्रेको रोमन सत्येल 55 किलो में मनु यादव, 60 किलो में अभिषेक निषाद, 72 कोलो में अनीश सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं सत्येंद्र यादव ने रजत पदक जीता। 86 किग्रा फ्री स्टीइल में विजेंद्र पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। लक्ष्मण लाल ने पहलवानों की हौसला अफजाई के लिए मनु यादव और अभिषेक निषाद को 5-5 केजी बादाम दिया।

# छात्राओं ने कॉलेज में बिताए सुनहरे पलों को किया याद

- गर्ल्स कालेज में एमए चतुर्थ सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए की छात्राओं को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय एनआरएम कन्या महाविद्यालय धमतरी में एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा एमए चतुर्थ सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूजा, तब्बू, गायत्री एवं प्रियंका ने कॉलेज में बिताए पल को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मिस टैलेन्टेड तब्बू पटेल, मिस फेयरवेल पूजा, मिस ब्यूटी प्रियंका सोनी को चुना गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. रोहिणी मरकाम, ओपी चंदे, डॉ. सीएस बांधे, हुकेश मारकण्डेय, दामिनी ठाकुर, पूर्णिमा साहू, सुषमा साहू, गीतांजलि साहू, डीपी गोस्वामी, पुरूषोत्तम नाग, रमेश्वर घोघरे, सुकमन नेताम, हर्ष यादव, रेवती साहू समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अंजु एवं विनीता ने किया।

# आशियाना वृद्धाश्रम के 13 बुजुर्गों ने उत्साहित होकर किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों का उत्साह भी देखने को मिला। शहर के दलदली रोड स्थित आशियाना वृध्दाश्रम में महासमुंद लोकसभा में आने वाले 13 वरिष्ठजनों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा समाज कल्याण विभाग से सहयोग से संचालित आशियाना वृध्दाश्रम अधीक्षक श्रीमती उषा साहू ने बताया कि कलेक्टर प्रभात मलिक एवं समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमति संगीता सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. वृंदावन पटेल द्वारा मतदान के लिए आश्रम में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही बुजुर्गों को उनके मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए वाहन व्यवस्था भी समाज कल्याण विभाग द्वारा की गई। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए दोपहर भोजन पश्चात एवं मतदान केंद्रों में भीड़ कम होने के बाद दिव्यांग रथ पहुंचा। महासमुंद विधानसभा के ग्राम नांदगांव, बिरकोनी, लाफिनखुर्द सहित आसपास के मतदान केंद्र पहुंचाकर मतदान कराया गया। वहीं बसना और सरायपाली के 4 दादा-दादियों को विभाग द्वारा निजी वाहन से सरायपाली-बसना क्षेत्र में मतदान कराया। 5 वृध्दजन पहले ही लोकसभा क्षेत्र में मतदान के लिए अपने घरों को जा चुके थे। वहीं स्थानीय बुजुर्गों को भी स्टाफ और उनके परिजनों के सहयोग से मतदान कराया।




### पदाधिकारियों ने सराहा

लोकतंत्र के महापर्व में वरिष्ठों के सफलतापूर्ण मतदान के लिए शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष मनोज साहू, उदय कुमार साहू व खेमचंद जंजीर ने समाज कल्याण के उपसंचालक संगीता सिंह सहित आशियाना अधीक्षक श्रीमती उषा साहू सहित कुंजन ठाकुर, दिव्या ठाकुर, मनीषा बघेल, श्रेया ठाकुर, खुशबू राजपूत, ऋतु ध्रुव, ज्योति साहू, सरिता सोनी, रेणु रात्रे सहित समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया है।




# मतदान केंद्रों में रही बेहतर सुविधा

- छग टीचर्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मतदान केंद्रों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन की सराहना की है। जिला अध्यक्ष डॉ. भूषण लाल चंद्राकार, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक ने बताया कि चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के कारण लोकसभा निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देशन और सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों के मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को उत्कृष्ट ढंग से सम्पन्न किया। इससे धमतरी जिले का मतदान प्रतिशत गत चुनाव से अधिक रहा। एसोसिएशन ने आगे बताया कि इससे पूर्व के चुनाव में कर्मचारियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वनांचल क्षेत्र के मतदान केंद्रों में भूखे पेट रहकर मतदान कार्य सम्पन्न करते थे। इस संज्ञान लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को निःशुल्क भोजन व्यवस्था कराने का आदेश जारी किया था। पंचायत सचिवों ने सभी बूथों में बेहतर भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराई।

# बेंगलुरू से मतदान करने मुजगहन धमतरी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गायत्री आरोग्यम के प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक ग्राम मुजगहन निवासी डॉ दिनेश नाग के पुत्र वासुदेव नाग का पहली बार जब मतदाता सूची में शामिल हुआ तो वह बहुत खुश हुआ। वह बेंगलुरू में रहकर बीएएमएम मेडिकल के चौथे वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। 26 अप्रैल को उसके जीवन का पहली बार मतदान करने का अवसर आया तो वह अपने आपको रोक नहीं पाया। ट्रेन में जब उसको टिकट नहीं मिला तो फ्लाइट से बेंगलूरू से आकर मुजगहन के आदर्श मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।




# जबरदस्ती घुसे युवकों को डांस करने से मना किया तो कर दी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

बारात की परघौनी के दौरान जबरदस्ती घुसकर डांस करने वाले युवकों ने मना करने पर बारातियों के साथ मारपीट कर दी। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी मनीष साहू पिता छबिलाल साहू ने बागबाहरा थाने में मामले की रिपोर्ट लिखाई है। उसने बताया कि मैं ग्राम निमोरा थाना राखी जिला रायपुर का रहने वाला हूं। मेरे दोस्त राहुल पटेल ग्राम खिलोरा की शादी थी, जिसमें 26 अप्रैल को ग्राम खिलोरा से अपने साथी दिवाकर वर्मा, दीनानाथ निषाद, ओंकार साहू एवं हितेश कुर्रे एवं अन्य करीबन 50 – 60 लोग ग्राम हरनादादर के कार्तिक पटेल के घर बारात आए थे। ग्राम हरनादादर में बारात की परघौनी के दौरान रात के करीबन 08:15 बजे इसमें शामिल लोग अपने साथ लाए बैंड पार्टी में नाच रहे थे। इस नाचने के दौरान हमारे बैंड पार्टी में ग्राम हरनादादर के राहुल एवं योगेश अपने दो अन्य साथियों के साथ घुसकर नाचने लगे और धक्का-मुक्की करने लगा। तब उन लोगों को हमने हमारे बैंड पार्टी में नाचने से मना किया। जिस पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मुझे एवं मेरे दोस्त दिवाकर वर्मा, दीनानाथ निषाद के साथ, थप्पड़ एवं धारदार पंच से एवं पहने हुए कड़े से मारपीट की गई। इस मारपीट से प्रार्थी और दीनानाथ निषाद के सिर में एवं दिवाकर वर्मा के नाक में चोट लगी है । पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### टेनुराम साहू का निधन

**महासमुंद।** स्थानीय कौशिक कॉलोनी महासमुंद निवासी टेनुराम साहू (सोहनलाल) देवरी वाले का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 28 अप्रैल 2024 रविवार की सुबह 9 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मोहन लाल साहू के छोटे भाई एवं आशीष साहू के पिताजी और राजीव साहू, नंदकुमार साहू, राजेश साहू के चाचा थे।

चुनाव के पूर्व सुरक्षा बलों ने नक्सल क्षेत्र में की थी सर्चिंग

# तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के बूथों में पुलिस व सुरक्षा बलों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के दौरान जिले में कहीं भी अप्रिय घटना सामने नहीं आई है।

लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव के लिए जिले के 753 पोलिंग बूथ में शुक्रवार को मतदान किया गया। महासमुंद व कांकेर लोकसभा चुनाव के लिए जिले के लोगों ने स्वतंत्र, निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के सभी पोलिंग बूथ में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने एएसपी, डीएसपी, थाना व चौकी प्रभारियों को लगातार पेट्रोलिंग कर सतत नजर रखने के लिए निर्देशित किया था। चुनाव संपन्न कराने पुलिस, नगर सैनिक, कोटवार व वन विभाग से पर्याप्त बल तैनात किया गया था। वहीं चुनाव ड्यूटी पर बाहर से पहुंची सीएपीएफ की कंपनी व जिले में पहले से मौजूद सीआरपीएफ की दो कंपनी को सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किया गया। वहीं सीएपीएफ, सीआरपीएफ, डीआरजी एवं पुलिस बलों द्वारा चुनाव से पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र की लगातार सर्चिंग की गई थी। इसी तरह शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा जिले के तीनों अनुभाग में पेट्रोलिंग के साथ फ्लैग मार्च किया गया था।



चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले के मतदान केन्द्रों को सामान्य व क्रिटिकल दो भाग में बांटा गया था जिसमें पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया गया था जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में एएसपी, डीएसपी, थाना व चौकी प्रभारी, पुलिस जवानों व सीएपीएफ तथा सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान सहित जिला पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**





## तीन दिवसीय सतग्रंथ समारोह का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अखंड तीन दिवसीय सतग्रंथ समारोह का आयोजन रखा गया है। 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक इस समारोह का गुरु घासीदास बाबा की पूजा अर्चना एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण, नारियल अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष चोवा राम पटेल, बलदाऊ पुरैना, रवि सूर्यवंशी, देवेश कोसरे, आशराम टंडन, बिजेश कोसरे, आज्ञा प्रताप बघेल, सोमेश मानिकपुरी, चिंता राम पटेल, समेलाल जांगड़े, लाजवंती सूर्यवंशी, भुवनेश्वरी ढीढी, शकुन ढीढी, हेमा ढीढी, सरिता ढीढी, सुनीता ढीढी, हीरो बघेल आदि सहयोग कर रहे हैं।

**निधन**

## लक्ष्मीनारायण चंद्राकर



**महासमुंद।** पुरानी बस्ती निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लक्ष्मीनारायण चंद्राकर (82) का रात्रि में निधन हो गया है। वे प्रदीप इलेक्ट्रिकल के संचालक पूर्णेंद्र चंद्राकर व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के महामंत्री प्रदीप चंद्राकर के पिता एवं भीमसेन, हीराधर, सुरेश के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम महासमुंद में किया गया।

# स्वयंसेवकों ने दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं का किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली





विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक के मतदान केंद्रों में बुजुर्गों व दिव्यांगों ने भी बढ़-चढ़कर मतदान में अपनी सहभागिता निभाई। सुबह से ही बुजुर्गों ने संबंधित केंद्रों में पहुंचकर मतदान किया। भीषण गर्मी के मद्देनजर मतदान केंद्रों में प्रशासन द्वारा छांव की व्यवस्था की गई। साथ ही पानी व पेय पदार्थ भी दिया जा रहा था।

इसी क्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा एस आलोक जिला स्वीप के निर्देशानुसार तथा डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन में एवं प्राचार्य अनिता पटेल डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के दिशा निर्देश व कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन में मतदाता मित्र के रूप में कार्य किए। स्वयं सेवकों ने दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को वोट डालने सहयोग किए। साथ ही उनको सुविधा उपलब्ध कराने में मदद किए। मतदाता मित्र के रूप में सलडीह, बलौदा, कुसमीसरार, कोटद्वारी, बेलमुंडी, घुंचापाली, देवलभांठा आदि मतदान केन्द्रों में सहयोग कार्य किए। मतदाता मित्र के रुप में कैंपस एंबेसेडर झरना स्वाईं, गुलशन यादव एवं देवेंद्र यादव, चंद्रहास बाघ, रविंद्र मेहेर, किशन नंद सुनीली बारिक, अंकिता साहू, जीतू साहू, रोहन भोई, रश्मिता विशाल, पुष्पा डडसेना, अंजलि पटेल, भारती साहू, लिली सेठ, दुर्गा राजपूत, सुनील साहू के साथ अन्य स्वयंसेवकों ने सराहनीय कार्य किए।

# राष्ट्रहित के लिए पहले मतदान फिर दूसरे काम : पीयूष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



पूरे देश में अभी चुनावी सरगर्मी चरम पर है। 19 अप्रैल को प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा में चुनाव के उपरांत द्वितीय चरण में राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा में चुनाव सम्पन्न हुए। इसी कड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी पीयूष मिश्रा ने भूकेल मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का उपयोग कर निर्वाचन में अपनी भूमिका निभाई।

मीडिया से रूबरू होते हुए मिश्रा ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव केवल एक सांसद चुनने का चुनाव नही है, ये विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने और दिल्ली में यसस्वी प्रधानमंत्री मोदी को सशक्त करने का चुनाव है। राष्ट्र के हित के लिए मतदान ही एक मात्र संसाधन है, जिसे भारत का आम नागरिक इस्तेमाल कर अपनी सरकार चुनता है इसलिए पहले मतदान-फिर जलपान। आगे पीयूष ने कहा कि भारत को विकसित और सुरक्षित बनाए रखने के लिए मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना अत्यंत आवश्यक है, पिछले 10 सालों में देश मे आए बड़े बदलाव को जनता महसूस भी करती है और जनता को मोदी पर पूर्ण विश्वास भी है। हमारा और भारत देश का सौभाग्य है कि हमे मोदी जैसा कर्मयोगी राष्ट्र के लिए समर्पित जनसेवा में तत्पर जन नायक मिला है।

पिछले 10 सालों में हमारा देश सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में नई पहचान गढ़ रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल गढ़फुलझर के पूर्व महामंत्री राजेंद्र पटेल, नंदकुमार पटेल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिपेश मिश्रा, मंडल मंत्री नरेंद्र यादव समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र में शांति पूर्ण मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



लोकसभा 2024 का मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्ण हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। महिला मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। भीषण गर्मी के कारण सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार में नजर आई।

ग्राम पंचायत नर्रा बूथ क्रमांक 257 एवं 259 कुल मतदाता संख्या 2090 में से 1494 वोट पड़े। ग्राम पंचायत खट्टी बूथ क्रमांक 273 एवं 274 कुल मतदाता संख्या 1482 में से 972 वोट, ग्राम पंचायत परसुली बूथ क्रमांक 275 कुल मतदाता संख्या 905 में से 573 वोट, ग्राम पंडरीपानी में कुल मतदाता 729 में से 509 वोट, ग्राम राटापाली बूथ क्रमांक 260 कुल मतदाता 554 में से 452, ग्राम झलमला बूथ क्रमांक 258 कुल मतदाता 416 में से 323, ग्राम झिटकी बूथ क्रमांक 269 कुल मतदाता 762 में से 557, ग्राम परकोम में कुल मतदाता 861 में से 609 वोट पड़े, ग्राम कारागुला में कुल मतदाता 990 में से 656 वोट, ग्राम बिन्द्रावन में कुल मतदाता 1952 में से 1287 वोट, ग्राम मुड़पार बूथ क्रमांक 270 कुल मतदाता संख्या 1054 में 690, ग्राम उखरा कुल मतदाता संख्या 733 में 513 वोट, ग्राम अमेरा में कुल मतदाता 433 में 310, लामीसरार में कुल मतदाता 426 में 299 वोट एवं ग्राम पतेरापाली (स) में बूथ क्रमांक 264 कुल मतदाता 976 में 656 वोट पड़े है।

# 1284 स्काउट-गाइड ने पोलिंग बूथों में दी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 द्वितीय चरण के मतदान में महासमुंद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत जिला आयुक्त स्काउट निदेशन में महासमुंद जिला में मतदान दिवस को पांच विकासखंड के मतदान केंद्रों पर 1284 स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर, स्काउटर एवं गाइडर ने वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता को मतदान केंद्र में सहयोग करने प्रातः 7 बजे उपस्थित होकर मतदाताओं को तिलक लगाकर स्वागत, दिव्यांग मतदाता को व्हील चेयर वरिष्ठ मतदाता को सहारा देकर मतदान करने में अपनी सेवाएं दी।

सेवाभावी स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, स्काउटर गाइडर प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं सभी को जिला संघ की ओर से धन्यवाद ज्ञापन दिए हैं। जिसमें अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड, संतोष कुमार साहू डीटीसी स्काउट, लिलीमा साहू डीटीसी गाइड, रामकुमार साहू जिला सचिव, कमल लूनिया डीओसी स्काउट, लीनु चंद्राकर डीटीसी गाइड, तुलेंद्र सागर जिला सहसचिव, प्रमोद कन्नौजे मीडिया प्रभारी, चंद्रकांता ठाकुर संयुक्त सचिव, शुशील शर्मा कोषाध्यक्ष, स्थानीय संघ सचिव गण लता वैष्णव महासमुंद, राम कुमार नायक पिथौरा, विवेकानंद दास बसना, यशवंत चौधरी सराईपाली, शेषनारायण साहू बागबाहरा एवं सीनियर स्काउटर गाइडर व्यास नारायण बंजारे, गिरीश पाढ़ी, सुरेंद्र मानिकपुरी, शैलेंद्र नायक, मधु शर्मा, नितिन श्रीवास्तव, हीरेंद्र साहू, योगेश्वर डड़सेना सभी ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी राम कुमार साहू जिला सचिव एवं तुलेंद्र सागर जिला सह सचिव ने संयुक्त रूप से दी है।

# चिलचिलाती धूप व गर्मी मतदाताओं के उत्साह जोश के आगे पड़ी फीकी, नवविवाहित भी पहुंचे मतदान केंद्र








हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जोरदार उत्साह नजर आया। अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए आम जनता सुबह से ही मतदान केंद्रों में पहुंचने लगे थे। लोकतंत्र के इस महापर्व में दूल्हा-दुल्हन भी शादी की रस्में बीच में रोक कर मतदान केंद्र पहुंचे। बुजुर्ग मतदाता भी मतदान के लिए उत्साहित दिखे। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सरायपाली विधानसभा के मतदान केंद्रो में अभूतपूर्व उत्साह नजर आया।

### छाया-पानी की व्यवस्था

इस बार मतदाताओं को मतदान केंद्र में छांव पानी रैंप व अन्य पर्याप्त सुविधा की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र में कई रोचक एवं प्रेरणादायक घटनाएं सामने आईं। कहीं पोते दादा को मतदान के लिए लाते दिखे तो कहीं एक साथ तीन पीढ़ी ने मतदान किया। नगर पालिका एवं ग्रामों में ग्राम पंचायत के कर्मचारी सजगता से मतदान केंद्रों में मतदाताओं को सहयोग मार्गदर्शन करते दिखे। कुछ स्थानों में रेड क्रॉस, स्काउट गाइड के बच्चों को भी मतदान कार्य के दौरान पर्ची मिलान में सहयोग करते देखा गया।

### नवविवाहित भी पहुंचे

इस बार चुनाव में महत्वपूर्ण बात यह रही की बड़ी संख्या में नवविवाहित एवं वर-वधू द्वारा अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मतदान का प्रयोग किया। इस दौरान वर वधुओं ने अपने मताधिकार के महत्व को जानते हुए अपनी शादी समारोह के बीच सर्वप्रथम अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पश्चात वह अपनी शादी की रस्म को पूरा करने विवाह मंडप में उपस्थित हुए।

इस चुनाव में प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र तक आने-जाने में असमर्थ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई थी। इसके अंतर्गत प्रशासन द्वारा दिव्यांग रथ कि सुविधा का व्यापक प्रचार प्रसार कर इस सुविधा का लाभ लेने वाले मतदाताओं का पंजीयन किया गया था।

### चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच हुआ मतदान

प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चौबंद व्यवस्था के फल स्वरुप बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ है। बेहतर मतदान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। मतदाताओं के उनके मताधिकार की जानकारी देने तथा मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए मतदान केंद्रों को विभिन्न स्वरूपों में सुसज्जित किया गया था, जो लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बना।



### अनेक मतदान केंद्रों में ईवीएम वीवीपीएटी हुए खराब घंटे भर प्रभावित रहा मतदान

मतदान के दौरान प्रातः 10 बजे से विभिन्न मतदान केंद्रों के ईवीएम मशीन तकनीकी खराबी होने जानकारी सामने आई। जिसमें ग्राम बरिहापाली में मतदान होल्ड कर दिया गया। घंटों बाद मतदान प्रारंभ किया गया। वहीं ग्राम कोकड़ी में वीवीपीएटी मशीन दो बार तकनीकी खराबी के कारण कई घंटे मतदान प्रभावित रहा । दूसरा जिसके कारण धूप में मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरा वीवीपीएटी लाकर मतदान प्रारंभ किया गया। वही बानीगिरोला, प्रेतेनडीह, केंदुढार में मशीन खराब होने की वजह से मतदाता परेशान रहे सभी वर्ग के लोगों ने मतदान करने के बाद सेल्फी जोन में जागरूकता का परिचय देते हुए फोटो खिंचवाए।

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने सपरिवार मंदिर स्कूल के मतदान केंद्र में मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का पर्व गांव, शहर, प्रदेश व देश को मजबूत बनाने का पर्व है। हर एक मतदाता का वोट गांव, शहर, प्रदेश के विकास के लिए है, वह लोगों की सेवा के लिए पहली बार चुनावी मैदान में खड़े हुए हैं। वे लोगों की सेवा के लिए पहली बार चुनावी मैदान में खड़े हुए हैं। आगे उन्होंने कहा कि पार्टी वाले जो विकास कार्य नहीं कर पाए हैं। वह विकास कार्य वे जीतकर आते ही उसे करके दिखाएंगे। जिस तरह से उनके द्वारा प्रचार प्रसार किया गया है। और लोगों का अपार स्नेह व समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वे चुनाव जीतकर आएंगे। जीतकर आने के बाद वे लोगों के विश्वास में खरा उतरने की बात कही।

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी हर्राटार निवासी ने अपने गुरुग्राम के मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। लोकतंत्र को मजबूत बनाने उम्र के अंतिम पड़ाव में जगत नारायण अग्रवाल उम्र 84 वर्ष अपनी पत्नी गायत्री देवी अग्रवाल उम्र 79 के साथ माधवराव और सदाशिव राव गोलकर स्कूल में मतदान किया और सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचवाए।

बसना के पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह ने शासकीय प्राथमिक शाला महलपारा के मतदान क्रमांक 130 में मतदान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्य शैली से मतदाता उब गए हैं, देश में सरकार बदलने मतदाताओं ने ठान ली है इस बार महिलाओं के सम्मान के लिए उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने व हर वर्ग के लोगों को ऊंचा उठाने किए गए घोषणा पत्र से महिला मतदाता सरकार बनाने ठान लिया है।

# बेलसोंडा में 72 फीसदी हुआ मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर और सचिव नेहा उपाध्याय की मेहनत रंग लाई। सरपंच भामिनी ने बताया कि वह लोगों को धार्मिक दान का उदाहरण देते हुए राष्ट्रीय त्यौहार लोकतंत्र के महापर्व में मतदान का महत्व पूरी गंभीरता के साथ बताई तथा बुजुर्ग लोगों द्वारा कई प्रकार के प्रश्न किए जाते थे, जिसका समाधान तुरंत पंचायत सचिव भी करती रही। सचिव नेहा उपाध्याय ने बताया कि पूरे मतदान केंद्र को सजाया गया था। ताकि, लोग स्वस्फूर्त होकर मतदान के लिए आए। ग्राम पंचायत बेलसोंडा में 72 प्रतिशत मतदान हुआ।

ग्रामीणों में रामसहाय साहू, भगोली चक्रधारी तथा महेश धीवर ने बताया कि आज तक हमने मतदान किया, लेकिन ऐसा लुभावना एवं सुंदर मतदान केंद्र सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के कार्यकाल में ही देखने को मिल रहा है। सरपंच श्रीमती चंद्राकर के साथ पंचायत सचिव नेहा उपाध्याय, शिक्षिका सुनीता बंजारे,अर्चना पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दमयंती चंद्राकर, सुलोचनी यादव, छल्ला साहू, कुंती चंद्राकर, कुंती धीवर तथा सक्रिय पंच प्रकाश साहू उपस्थित रहे।



## बारात जाने से पहले दूल्हे ने किया मतदान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कौंदकेरा में लोकतंत्र के महापर्व में विवाह के बंधन में बंधने के पहले दूल्हे नागेश्वर साहू एवं राजू साहू ने बारात प्रस्थान के पूर्व मतदान केंद्र क्रमांक 148 पहुंच मताधिकार मतदान किया। मतदान केंद्र में उपस्थित सचिव, बीएलओ सहित अन्य कर्मचारियों ने दोनों युवाओं को विवाह की शुभकामनाएं दी।

## भाजपा प्रत्याशी की ओर से व्यय लेखा प्रस्तुत

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 क्षेत्र क्रमांक 9 महासमुंद लोकसभा व्यय प्रेक्षक के समक्ष 24 अप्रैल को तृतीय चरण का व्यय लेखा जिला पंचायत के सभागृह में भाजपा



प्रत्याशी की ओर से व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के व्यय प्रेक्षक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी द्वारा प्रस्तुत किया गया। निर्वाचन आयोग की ओर से बसना, सरायपाली, खल्लारी, महासमुंद विधानसभा के लिए व्यय आब्जर्वर मनीष कुमार दबास एवं सहायक आब्जर्वर मधुरिमा बंजारे, राजिम, गरियाबंद, कुरूद, धमतरी विधानसभा के व्यय आब्जर्वर राम प्रभु उदय सहायक आब्जर्वर अभिषेक पाठक के समक्ष व्यय लेखा प्रस्तुत करते हुए पार्षद देवीचंद राठी ने बताया कि अभी तक तीन चरणों का कुल खर्च लगभग 40 लाख रुपए आया, जो निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित खर्च से बहुत कम है। कुछ खर्च अभी और जुड़ेंगे, जो अगली बार व्यय प्रेक्षक द्वारा दिनांक निर्धारित के बाद प्रस्तुत किया जाएगा। व्यय लेखा के साथ-साथ बैंक एकाउंट स्टेटमेंट, बिल बाउचर भी व्यय प्रेक्षक को दिखाया गया। महासमुंद लोकसभा के अन्तर्गत 8 विधानसभा के व्यय अधिकारी उपस्थित थे। सभी के साथ व्यय लेखा मिलान हुआ। तत्पश्चात लोकसभा आब्जर्वर व्यय पंजी संधारण का निरीक्षण किए। व्यय लेखा प्रस्तुत करने के दौरान धीरज सिन्हा अधिवक्ता उपस्थित थे।

